तू है कमाल बाबा तू है कमाल

तू है कमाल बाबा तू है कमाल,
तेरी महिमा कमाल मैया मोरवी का लाल,
कब किसको क्या देदे कब किस से क्या लेले तेरे जलवे है बेमिसाल,
तू है कमाल बाबा तू है कमाल

धन्य है तेरी खाटू नगरी दुखियो का है सहारा,
हारे का तू साथ निभाए,
तू है श्याम हमारा शरण में आये दीं दुखी को खली कभी भी मोड़े न,
ये बन जाये जिसका साथी साथ उसका छोड़े न,
तू है कमाल बाबा तू है कमाल,

ओ सांवरिया नीले वाले तेरे खेल निराले,
बदल जाये किस्मत की रेखा जिस पे नजर तू ढाले,
राजा को तू रंक बना दे रंक को राजा कर देता,
पल में भर जाती है झोली नाम नाम जपे तेरा,
तू है कमाल बाबा तू है कमाल

शीश का दानी श्याम धनि तू भगतो का रखवाला,
तू ही सब के दुःख है हरता खुशिया देने वाला,
तू ही दाता तू ही अन दाता तू ही देव हमारा है,
भव सागर से पार लगाये हरे का सहारा है,
तू है कमाल बाबा तू है कमाल

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/8372/title/tu-hai-kamal-baba-tu-hai-kamal-teri-mahima-kamal-maiya-morvi-ke-lal

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |